>

Title: Need to construct Dharamshalas near Shakumbhari Devi temple in Saharanpur, Uttar Pradesh.

श्री जगदीश सिंह राणा (सहारनपुर): महोदय, मैं जनपद सहारनपुर का रहने वाला हूं। जनपद सहारनपुर में मां शाकुम्भरी देवी का मन्दिर शिवालिक की तलहटी में है। मेरा मानना है कि शाकुम्भरी देवी के मंदिर में पांच हजार आदमी प्रतिदिन दर्शन हेतु जाते हैं, लेकिन एक भी धर्मशाला वहां नहीं है और न ही पीने के पानी की कोई व्यवस्था है। मेरा भारत सरकार से अनुरोध है कि वहां धर्मशालाएं बनायी जाएं और वहां पीने के पानी की व्यवस्था होनी चाहिए। जिस प्रकार जम्मू-कश्मीर में मां वैष्णो देवी का मंदिर है, उसी तरह हमारे यहां शाकुम्भरी देवी का मंदिर जनपद सहारनपुर में है। वहां भी ऐसी ही व्यवस्था कराने की कृपा करें।

मेरी दूसरी मांग यह है कि सहारनपुर कमिश्नरी में दो जनपद आते हैं - मुजफ्फरनगर और सहारनपुर। नंबर एक की पार्लियामेंट सीट मेरी सहारनपुर, उत्तर प्रदेश की है। हमारा यह मानना है कि जनपद सहारनपुर ....

सभापति महोदय : एक ही विषय का प्रावधान है।

श्री जगदीश सिंह राणा : दूसरा नहीं है। आपने मुझे बोलने का अवसर दिया, इसके लिए मैं आपको धन्यवाद देता हूं।

सभापति महोदय : श्रीमती बोचा झांसी लक्ष्मी।

झांसी में जन्म हुआ, इसीलिए यह नाम पड़ा।